


MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 68 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 12 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

# धान 3100 रूपए एवं गेंहू 2700 रूपए क्विंटल खरीदेगी भाजपा की सरकार - शिवराज सिंह

सिवनी यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में केवलारी भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह के समर्थन पलारी तिगड्डा एवं बरघाट भाजपा प्रत्याशी कमल मर्सकोले के समर्थन में मोहगांव में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। मैडम प्रियंका गांधी कह रही थी कि, मामा तो कंस भी था। मैडम प्रियंका आप वैसे ही काम करते हो तो आपको कंस ही दिखाई देगा। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष कहते हैं कि, हम भाजपा के पांच पांडवों से लड़ रहे है, फिर ये तो कौरव हुए। कांग्रेस कभी भी रिश्तों को समझ नहीं सकती है। वहीं मु यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की तारीफ करते हुए कहा कि, श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार है कि, उन्होंने गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल तक के लिए और बढ़ा दिया। मैं उनको हृदय से धन्यवाद देता हूं।

***कांग्रेसी नेताओं को भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं***

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कहा कि, कांग्रेस टिप्पणी कर रही है कि, नरक चतुर्दशी के दिन भाजपा अपना संकल्प पत्रे योंला रही हैं..? कांग्रेस और इनके नेताओं को भारतीय संस्कृति, हमारे जीवन मूल्य, इतिहास का ज्ञान ही नहीं है। नरक चतुर्दशी के दिन ही भगवान



श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध कर 16 हजार रानियों को कैद से मुक्त कराया था तो ये बहनों की मुक्ति का दिवस भी है। उनके आत्मस मान और स्वाभिमान के साथ जीने का दिवस भी है। लेकिन दिक्कत यह है कि, इनको इतिहास की पूरी जानकारी रहती नहीं है, प्रियंका जी कहती हैं कि, भगवान राम 13 साल के लिए वनवास गए थे। उनको कंस की पूरी हिस्ट्री नहीं पता है लेकिन कंस मामा कह देती है। मुझे लगता है कि, बोलने से पहले उनको सोचना समझना चाहिए।

***बेटों को स्थापित करने आए हैं, छिंदवाड़ा और राघौगढ़ वाले***

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेसी आपस में ही भीड़ रहें हैं, यह कपड़ा फाड़ कांग्रेस हो गई है। कमलनाथ कहते हैं कि, दिग्विजय और जयवर्धन के कपड़े फाड़ो। कमलनाथ जी के बेटे नकुलनाथ खुद ही छिंदवाड़ा की टिकट फाइनल कर देते हैं। दरअसल छिंदवाड़ा और राघौगढ़ वाले अपने-अपने बेटों को स्थापित करने में जुटे हुए हैं। ये कांग्रेस पर कब्जे की लड़ाई है। कांग्रेस तो दो पाट में बंट गई है, एक पाट कमलनाथ जी का और दूसरा दिग्विजय सिंह जी का। इन दोनों पाटो के बीच में कांग्रेस और कार्यकर्ता बारिक पिस रहें हैं।

***कांग्रेस के सत्ता में आने का रास्ता बंद कर दीजिए***

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, सवा साल में ही कांग्रेस ने जनहित की योजनाओं को बंद करने का पाप किया था। हम बैगा, भारिया, सहरिया बहनों को एक हजार रूपए देते थे, कांग्रेस ने बंद कर दिए। हम बेटियों की शादी करवा कर उन्हें पैसा देते थे लेकिन कांग्रेस ने बेटियों के साथ भी धोखा किया। हम बड़े-बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन के लिए भेजते थे, कांग्रेस ने योजना ही बंद कर दी। हम मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और साईकिल देते थे, कमलनाथ ने वो भी बंद कर दिया। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, अगर कांग्रेस की सरकार आई तो वह लाड़ली बहना योजना भी बंद कर देगी, फिर ना लाड़ली रहेगी ना बहना रहेगी,



इसलिए कांग्रेस के सत्ता में आने वाले रास्ते को ही बंद कर दीजिए।

***किसान, लाड़ली लक्ष्मी और बहनों को सौगात***

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, आज भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया गया है, जिसके तहत किसान भाईयों की धान इस साल 3100 रूपए क्विंटल खरीदेंगे। गेंहू 2700 रूपए क्विंटल खरीदा जाएगा। वहीं लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को 5वीं पास कर के 6वीं 2 हजार रूपए दिए जाते थे, जिसे बढ़ाकर अब 5 हजार रूपए किया जाएगा। इसी तरह 9वीं में 4 से बढ़ाकर 8 हजार रूपए, 11वीं में 6 से बढ़ाकर 10 हजार रूपए और 12 वीं सीधे 40 हजार रूपए दिए जाएगें। इसके अलावा कन्या विवाह में 55 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रूपए दिए जाएंगे। लाड़ली बहनों को रसोई गैस का सिलेंडर 450 रूपए में मिलेगा और बिजली के बढ़े हुए बिल भी भरवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि, आने वाले पांच सालों में भाजपा का लक्ष्य है कि, प्रत्येक परिवार में एक रोजगार का अवसर उपलब्ध कराएंगे।

***मध्यप्रदेश का सफर बहुत गौरवशाली है***

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मध्यप्रदेश जो कभी बीमारू और पिछड़ा राज्य कहलाता था आज उसे हमने विकसित मध्यप्रदेश बनाया हैं। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की कई योजनाओं में मध्यप्रदेश नंबर 1 हैं। चाहे स्वच्छता हो, जल संरक्षण हो, पर्यावरण बचाना हो, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की गुणवत्ता हो, पीएम आवास हो, स्वामित्व योजना हो, पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना हो। कई



योजना में मध्यप्रदेश नंबर 1 है और नंबर 1 का यह सफर निरंतर जारी रहेगा।'श्री चौहान ने कहा कि, 60 हजार किलोमीटर टूटी-फूटी सड़कों के दौर से आज हम मेट्रो रेल तक का सफर, टपरे वाली आईटीआई से ग्लोबल स्किल पार्क तक का सफर बहुत ही गौरवशाली है। आज हम फिर संकल्प लेते हैं कि, मध्यप्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक राज्य बनाकर ही हम चैन की सांस लेंगे।

***हमने बदली है प्रदेश की अर्थव्यवस्था***

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, किसान की फसलें बिना पानी के सूख जाती थी तो सिंचाई को हमने प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखा। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से बदली है। अगर 71 हजार करोड़ से 13 लाख करोड रुपए पार हुए हैं तो उसमें सबसे बड़ा योगदान, सिंचाई का है। मध्यप्रदेश में शानदार सड़कों का जाल, बिजली का उत्पादन, लोटिंग सोलर पावर प्लांट जैसी सुविधाएं दी है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान स मान निधि के साथ मु यमंत्री किसान स मान निधि योजना के अंतर्गत राशि दे रहें हैं। भाजपा सरकार ने किसानों को सशक्त करने का काम किया है। बेटियां कोख में मारी जाती थी, बेटे ज्यादा पैदा होते थे, तब लाड़ली लक्ष्मी जैसी योजना अस्तित्व में आई। बहनों के राजनैतिक सशक्तिकरण के लिए मध्यप्रदेश पहला राज्य है जहां 50 प्रतिशत रिजर्वेशन स्थानीय निकायों के चुनाव में बहनों को देने का काम किया है। बेटियों को 30 प्रतिशत पुलिस भर्ती में आरक्षण दिया। लाड़ली लक्ष्मी के बाद रिजर्वेशन, लाड़ली बहना और अब लखपति दीदी तक का सफर महिला सशक्तिकरण का बहुत सशक्त सफर है।

***बहनों को गरीबी के दलदल से निकालकर लखपति बनाना है***

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, धनतेरस और दिवाली जैसे पावन त्यौहार पर बहनों के खाते में 7 तारीख को ही किश्त डाल दी गई थी। उन्होंने कहा कि, मैं बहुत ही सौभाग्यशाली हूं कि, मेरी 1 करोड़ 32 लाख बहनें हैं, लेकिन जो बहने छूट गई हैं चुनाव के बाद उनके भी नाम जोड़ दिए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि, मु यसमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के तहत बहनों को पक्के मकान बनाने के लिए पैसा दिया जाएगा। जिनके पास रहने की जमीन नहीं है उन्हें पट्टा देकर जमीन का मालिक बनाएंगे। आगे हमारा लक्ष्य है कि, हर बहन की आय सालाना 1 लाख रूपए से ज्यादा करना है और बहनों को गरीबी के दलदल से बाहर निकालकर लखपति दीदी बनाना है।

***भाजपा को एकतरफा आशीर्वाद दें***

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज 8 चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए जनसमुदाय से मध्यप्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, और डबल इंजन की सरकार में मोदी जी के आशीर्वाद से हमने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है लेकिन मध्यप्रदेश को विकास की राह पर और भी आगे ले जाकर स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाना है। जिसके लिए मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार जरूरी है। इसलिए प्रदेश में भाजपा के सभी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है और मध्यप्रदेश में एकतरफा आशीर्वाद देकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार फिर से बनाना है।

# भारतीय जनता पार्टी ने समर्पण भाव से प्रदेश की तस्वीर बदली है - मुनमुन

**भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने लखनवाड़ा मंडल अंतर्गत किया जनसंपर्क**


सिवनी यशोः- प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है हर प्रकार की सुविधाएँ दी जा रही है खेती किसानी में सुधार आया है आम आदमी की जिंदगी खुशहाल हुई है । छोटे छोटे गांव तक पक्की सड़के है , गरीबो के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के मकान बन रहे है । प्यासे खेतो में पानी पहुँच रहा है सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है हर गांव में स्कूल खुल गये है अब कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा के लिये बाहर नहीं जाता यह होता है सरकार होने और सरकार को व्यस्थित चलाने का अंतर भारतीय जनता पार्टी सेवा की



भावना से कार्य करती है और सत्ता के माध्यम से सेवा करते हुये आम आदमियों को मुस्कुराहट देती है जबकि कांग्रेस भ्रष्टाचार के माध्यम से गरीबों के कल्याण की राशि अपनी तिजोरियों में भरते रही है । उक्ताशय की बात सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने शनिवार को लखनवाड़ा मंडल के ग्रामों में सघंन जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण जनों से कही। आज भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने प्रातः 09:00 बजे ग्राम हिवरा से चुनावी जनसंपर्क अभियान आरंभ कर ग्राम लोनिया, ढेंकी, सरगापुर, संगई, गंगई, जमुनिया, बिनैकी, चारगांव, पीपरडाई, फुलारा, मरझोर, सकरदा, कातलबोडी, ऐरपा, बघोडी, भंडारपुर, चांवडी, गुंदरई, परासिया, गोबरवेली, खमरिया, मोहगांव, लामाज्योति, आमाकोला, पलारी, बटवानी, सीलादेही एवं ग्राम खैरीटेक मे सघंन जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। जहां जहां जगह-जगह आपका फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान श्री दिनेश राय मुनमुन ने ग्रामीण बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारे पहले भी थी परंतु सड़के नहीं थी, खेतो में सिंचाई के लिये पानी नहीं था, पीने का पानी भी दूर दूर से लाना पड़ता था एक हेंडपंप होता था वह भी पूरी ताकत के बाद एक बाल्टी पानी देता था, बिजली नहीं थी, बच्चो को पढने के लिय पर्याप्त स्कूल नहीं थे, स्वास्थ्य सुविधाएँ नहीं थी ।


मूलभूत सुविधाओं का आभाव था परंतु प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है हर प्रकार की सुविधाएँ दी जा रही है आम आदमी की जिंदगी खुशहाल हुई है। श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि भाजपा की सरकार ने जनकल्याण और किसानों की भलाई के लिये जो किया है उसे प्रेदश की खुशहाली आम जनों की समृद्धि के लिये आगे भी जारी रखने की आवश्यकता है। *श्री दिनेश राय मुनमुन* ने आम जनता को याद दिलाते हुये कहा कि भाजपा की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर घर में लाभ तो पहुँच ही रहा है कांग्रेस की सरकार आई तो यह सब बंद हो जायेगा और कांग्रेस आई तबाही लाई में बदल जायेगा । श्री राय ने सिवनी विधानसभा के ग्रामों में किये गये विकास कार्यो और जिला मु यालय में किये गये विकास कार्यो का उल्लेख किया तथा बताया कि समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से हर घर तक नल जल योजना से पीने का पानी पहुँचाने का काम किया जा रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव गांव में मकानों का निर्माण किया जा रहा है । मेडीकल कालेज बनकर तैयार है शीघ्र प्रारंभ हो जायेगा, गांव गांव के जल संग्रहण क्षेत्रों को दुरूस्तो किया जा रहा है। भाजपा ने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया है आने वाले समय में इसे और तेज किया जायेगा। इस अवसर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं ग्रामीण बंधुओं की उपस्थिति रही।













## अवकाश सूचना

समस्त सुधि पाठको को दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ आप सभी को सूचित किया जाता है कि दीपावली पर्व पर दैनिक यशोन्नति कार्यालय में 12 एवं 13 नबंबर को अवकाश रहेगा आगामी अंक 15 नवंबर को प्रकाशित होगा । समस्त विज्ञापनदाता एवं एजेंट बंधु कृप्या नोट कर लें । समाचार बेवसाइट पर उपलब्ध रहेंगे ।






# अभाविप की जनजातीय छात्रा कार्यकर्ता मंगला टेकाम का अन्तरराष्ट्रीय यूथ ए सचेंज कार्यक्रम में चयन

**जापान सरकार द्वारा प्रोयोजित "द शिप फॉर वर्ल्ड यूथ प्रोग्राम" में 14 देशों के युवाओं के साथ सहभाग करेगी**



भोपाल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की पूर्णकालिक कार्यकर्ता रही मंगला टेकाम को जापान सरकार के %द शिप फॉर वर्ल्ड यूथ% कार्यक्रम के चयनित किया गया है। जनजातीय समाज से जुडी मंगला टेकाम इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली मप्र की एकमात्र प्रतिनिधि है। वह बेतूल जिले के शाहपुर ब्लाक के मगरडोह गाँव की मूलनिवासी है। वर्तमान में मंगला अभाविप के स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट प्रोजे ट की राष्ट्रीय सह संयोजक है और दिल्ली में रह कर जर्मनी से जुड़े इलीड कास से भी जुड़ी हुई है।

%द शिप फॉर वर्ल्ड यूथ% कार्यक्रम 24 जनवरी 2024 से प्रारंभ होने जा रहा है। जिसमें जापान सहित 14 देशों के युवा प्रतिभागी भाग लेंगे। भारत से इस कार्यक्रम में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है। एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में युवा शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन, युवा सशक्तिकरण, पर परा संरक्षण और इतिहास जैसे विषयों पर प्रशिक्षण और संवाद करेंगे। इसके पूर्व भी सभी प्रतिभागी आभासी माध्यम से भी चर्चा करेंगे। सभी प्रतिभागी जापान के कोस्टल एरिया के योटो, ह्योगो, टो यो और कोचि की यात्रा करेंगे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् में पूर्णकालिक कार्यकर्ता रही कु मंगला ने इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की।इसके पहले उन्होंने गाँव के शासकीय विद्यालय से पढाई की है।

# दिवाली आज, जानें लक्ष्मी-गणेश पूजन विधि, शुभ मुहूर्त, महत्व और इस दिन या करें या नहीं

12 नवंबर को 2023 को दिवाली है। यह हिन्दू धर्म का एक प्रमुख पर्व है। यह पर्व पूरे भारत में बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। दीपावली को रोशनी, उल्लास और शुभकामनाओं का प्रतीक माना जाता है। दिवाली की रात लक्ष्मी-गणेश की पूजा का सबसे अधिक महत्व होता है। मान्यता है कि यदि आप सच्चे मन और विधि विधान से पूजा करते हैं, तो धन की देवी मां लक्ष्मी और बुद्धि के देवता गणेश आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपका पूरा साल अच्छा बीतेगा और आप पर लक्ष्मी-गणेश जी की कृपा बनी रहेगी। दिवाली की रात सर्वार्थ सिद्धि की रात मानी जाता है। ऐसे में शुभ मुहूर्त पर विधि-विधान के साथ पूजन करने से जीवन में खुशियां आती हैं। तो चलिए जानते हैं दिवाली की पूजा विधि, शुभ मुहूर्त, महत्व और इस दिन या करें या नहीं...



**दिवाली 2023 पूजा का शुभ मुहूर्त**

दिवाली की पूजा का शुभ मुहूर्त 12 नवंबर की शाम 5 बजकर 40 मिनट से लेकर 7 बजकर 36 मिनट तक है। वहीं लक्ष्मी पूजा के लिए महानिशीथ काल मुहूर्त रात 11 बजकर 39 मिनट से मध्यरात्रि 12 बजकर 31 मिनट तक है। इस मुहूर्त में लक्ष्मी पूजा करने से जीवन में अपार सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी।

**दिवाली पूजा सामग्री लिस्ट**

मां लक्ष्मी, गणेश जी, माता सरस्वती और कुबेर देव की मूर्ति

अक्षत, लाल फूल, कमल के और गुलाब के फूल, माला, सिंदूर, कुमकुम, रोली, चंदन

पान का पत्ता और सुपारी, केसर, फल, कमलगट्टा, पीली कौड़ियां, धान का लावा, बताशा, मिठाई, खीर, मोदक, लड्डू, पंच मेवा

शहद, इत्र, गंगाजल, दूध, दही, तेल, शुद्ध घी, कलावा, पंच पल्लव, सप्तधान्य

कलश, पीतल का दीपक, मिट्टी का दिया, रुई की बत्ती, नारियल, लक्ष्मी और गणेश के सोने या चांदी के सिक्के, धनिया

आसन के लिए लाल या पीले रंग का कपड़ा, लकड़ी की चौकी, आम के पत्ते लौंग, इलायची, दूर्वा आदि।

**दिवाली 2023 पूजा विधि**

दिवाली पर मु य रूप से मां लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की जाती है। ऐसे में पूजा के लिए सबसे पहले पूजा स्थान को साफ करें और एक चौकी पर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाएं। फिर इस चौकी पर बीच में मुट्ठी भर अनाज रखें। कलश को अनाज के बीच में रखें। इसके बाद कलश में पानी भरकर एक सुपारी, गेंदे का फूल, एक सिक्का और कुछ चावल के दाने डालें। कलश पर 5 आम के पत्ते गोलाकार आकार में रखें। बीच में देवी लक्ष्मी की मूर्ति और कलश के दाहिनी ओर भगवान गणेश की मूर्ति रखें। अब एक छोटी-सी थाली में चावल के दानों का एक छोटा सा पहाड़ बनाएं, हल्दी से कमल का फूल बनाएं, कुछ सिक्के डालें और मूर्ति के सामने रखें दें। इसके बाद अपने व्यापार/लेखा पुस्तक और अन्य धन/व्यवसाय से संबंधित वस्तुओं को मूर्ति के सामने रखें। अब देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश को तिलक करें और दीपक जलाएं।

इसके साथ ही कलश पर भी तिलक लगाएं। इसके बाद भगवान गणेश और लक्ष्मी को फूल चढ़ाएं और पूजा के लिए अपनी हथेली में कुछ फूल रखें। अपनी आंखें बंद करें और दिवाली पूजा मंत्र का पाठ करें। हथेली में रखे फूल को भगवान गणेश और लक्ष्मी जी को चढ़ाएं। लक्ष्मी जी की मूर्ति लें और उसे पानी से स्नान कराएं और उसके बाद पंचामृत से स्नान कराएं। मूर्ति को फिर से पानी से स्नान कराकर, एक साफ कपड़े से पोछें और वापस रख दें। मूर्ति पर हल्दी, कुमकुम और चावल डालें। माला को देवी के गले में डालकर अगरबत्ती जलाएं। फिर नारियल, सुपारी, पान का पत्ता माता को अर्पित करें। देवी की मूर्ति के सामने कुछ फूल और सिक्के रखें। थाली में दीया लें, पूजा की घंटी बजाएं और लक्ष्मी जी की आरती करें।

**दिवाली पूजा मंत्र**

**मां लक्ष्मी मंत्र**

ऊँ श्रींह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ऊँ महालक्ष्मी नमः॥

**श्री गणेश मंत्र**

गजानन भूतगभू गणादिसेवितं कपित्थ ज बू फलचारुभक्षण ।
उमासुतं सु शोक विनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वरपादपंकज ।

**कुबेर मंत्र**

ह्रीं श्रीं क्रीं श्रीं कुबेराय अष्ट-लक्ष्मी मम गृहे धनं पुरय पुरय नमः॥

**दिवाली पर या करें?**

दिवाली के दिन प्रातःकाल स्नानादि से निवृत्त होकर स्वच्छ एवं सुन्दर वस्त्र धारण करें।

दिन में पकवान बनाएं और घर सजाएं। अपने से बड़ों का आशीर्वाद लें।

शाम को पूजा से पहले पुनः स्नान करें।

इसके बाद लक्ष्मी-गणेश की विधि-विधान से पूजा करें।

व्यावसायिक प्रतिष्ठान, गद्दी की भी विधिपूर्वक पूजा करें।

घर के मु य द्वार पर दिपक जलाएं।

**दिवाली पर या न करें?**

दिवाली के दिन घर के प्रवेश द्वार पर या घर के अंदर कहीं भी गंदगी न रहने दें।

इस दिन किसी गरीब या जरूरतमंद को दरवाजे से खाली हाथ न लौटाएं।

दिवाली के दिन जुआ न खेलें, शराब पीने और मांसाहारी भोजन लेने से बचें।

भगवान गणेश की ऐसी मूर्ति न रखें, जिसकी सूंड दाहिनी ओर हो।

किसी को लेदर से बना तोहफा, धारदार तोहफा और पटाखे न दें।

दीपावली के दिन न कर्ज दें और न लें।

पूजा स्थल को रात भर खाली न छोड़ें। उसमें इतना घी या तेल डालें की वह पूरी रात जलता रहे।

**दिवाली उपाय**

दिवाली की रात पूजा के दौरान मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर जी को प्रसन्न करने के लिए उनके प्रिय भोग अर्पित करें।

लक्ष्मी जी को खीर या फिर दूध से बनी सफेद मिठाई का भोग लगाएं।

गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें और उनको मोदक या फिर लड्डू का भोग लगाएं।

वहीं कुबेर देवता को साबुत धनिया चढ़ाएं।

मान्यता है कि दिवाली पर ऐसा करने से लक्ष्मी-गणेश और कुबेर प्रसन्न होंगे और आपको सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देंगे।

# फर्टिलाइजर की ब्लैक मार्केटिंग को लेकर पुलिस का ए शन, नकली उर्वरक बनाने वाले के खिलाफ एफआईआर

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में किसानों को खाद की कमी की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने दो उर्वरक विक्रेताओं की दुकानें सील की हैं जबकि एक विक्रेता पर कालाबाजारी को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया है कि कुछ खाद विक्रेता झूठी कमी दिखाकर इसका फायदा उठाने की कोशिश में थे लेकिन प्रशासन ने शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की है।

कृषि विभाग के उपसंचालक यूएस तोमर ने बताया कि करैरा क्षेत्र के छितीपुर में नकली खाद को अधिक दाम में बेचने के आरोप में एक व्यक्ति आशिक रजक पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबकि करैरा के ही विक्रेता मयूर गैंडा और गुप्ता ब्रैदर्स का केंद्र सील करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही फर्टिलाइजर सेलिंग केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

**किसानों ने की थी नारेबाजी**

करैरा में खाद की कमी को लेकर मंडी स्थित वितरण केंद्र पर किसानों ने यहां पर नारेबाजी की थी। किसानों का कहना था कि उन्हें खाद नहीं मिल रहा है। किसानों का कहना था कि करैरा अनाज मंडी में वितरण केंद्र पर अव्यवस्था का माहौल है यहां पर अलसुबह से ही केंद्र पर किसान आ जाते हैं लेकिन घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिलता। वहीं दूसरी ओर प्राइवेट दुकानदान महंगे दामों में खाद बेच रहे हैं।

**अधिकारियों बोले- कोई कमी नहीं है**

कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि शिवपुरी में खाद की कोई कमी नहीं है। जिले में 15 सहकारी समितियों को भी डीएपी दिया जा रहा है। डिफाल्टर किसान गांव से उर्वरक ले सकते है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में 10 नव बर की स्थिति में 7811 मीट्रिक टन यूरिया, 4611 मीट्रिक टन डीएपी, 4072 मेट्रिक टन एनपीके तथा 9074 मेट्रिक टन एसएसपी स्टोर है। करैरा मण्डी में बड़ी सं या में किसानों के आने से 01 अतिरिक्त नवीन उर्वरक विक्रय केन्द्र की स्थापना की जा रही है।

# शौर्य और रोमांच से भरपूर नाट्य प्रस्तुति ने जीता हजारों दर्शकों का मन

भारत भारती आवासीय विद्यालय बैतूल के 65 वें स्थापना वर्ष पर आयोजित वार्षिकोत्सव में हिन्दू धर्मरक्षक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित महानाट्य का मञ्चन किया गया। राजस्थान के किलों का सयुंक्त तीन मंजिला दुर्ग मंच पर जब भारत भारती के तीन सौ सेअधिक विद्यार्थी कलाकारों ने शौर्य और रोमांच से भरपूर इस नाट्य की प्रस्तुति दी तो हजारों दर्शक अभिभूत हो गये।



महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव, महाराणा के बाल्यकाल का लालन-पालन, सफेद घोड़े चेतक पर बैठकर महाराणा प्रताप का आगमन, हल्दीघाटी का युद्ध, महाराणा को नहीं जीतने पर अकबर की बैचैनी, दानवीर भामाशाह का प्रसंग आदि अनेक कथानकों के द्वारा मंचित इस महानाट्य में गीत और नृत्यों का भी समावेश किया गया था । भारत भारती विद्यालय में स्वामी विवेकानन्द, रानी लक्ष्मीबाई, जाणता राजा, विक्रमादित्य जैसे महानाट्यों के बाद महाराणा प्रताप के इस महानाट्य ने विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक ओर स्वर्णिम पृष्ठ जोड़ दिया।

विद्यालय के सैंकड़ों अभिभावकों व जिलेभर से महानाट्य देखने आये हजारों दर्शकों की उपस्थिति में सर्वप्रथम कार्यक्रम के मु य अतिथि पूर्व प्रशासनिक अधिकारी व भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष श्री बनवारी लाल से सेना, अध्यक्षता कर रहे चिखली ग्राम के कृषक श्री चुन्नीलाल यादव, विशेष अतिथि जनजाति शिक्षा के राष्ट्रीय सह संयोजक श्री बुधपाल सिंह ठाकुर, महर्षि अरविन्द शिक्षा समिति बैतूल के अध्यक्ष श्री कश्मीरी लाल बत्रा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन का विधिवत प्रार भ किया। अतिथियों का परिचय व स्वागत विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र परसाई व विद्यालय की छात्र संसद के पदाधिकारियों ने किया।

भारत भारती के सचिव मोहन नागर ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भारत भारतीय शिक्षा संस्थान की गौरवपूर्ण उपलब्धियों का बखान किया। श्री नागर ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति संघर्ष में बलिदान होने वाले कलकत्ता के सगे भाई शहीद शरद कोठारी और राम कोठारी भारत भारती के छात्र रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत भारती शिक्षा संस्थान शिक्षा के साथ चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण, स्वाल बन को लेकर जिले के सैंकड़ों ग्रामों में अनेक प्रकल्प संचालित कर रहा है। जनजाति छात्रों की शिक्षा के लिए जिले में दो छात्रावासों का संचालन व चार सौ ग्रामों एकल विद्यालय के शिक्षकों का प्रशिक्षण भी भारत भारती के माध्यम से हो रहा है।

आभार विद्यालय प्रधानाचार्य श्री वैभव जोशी ने माना। कार्यक्रम के अन्त में आगन्तुक सभी नागरिकों को संस्था के सचिव मोहन नागर द्वारा आगामी 17 नव बर को होने विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।

# भोपाल गैस त्रासदी 3 दिसंबर को मतगणना का विरोध, गैस पीड़ितों के संगठनों ने तारीख आगे बढ़ाने की मांग

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है। इसके बाद तीन दिसंबर को परिणाम आएंगे। अब इसको लेकर विरोध शुरू हो गया है। भोपाल गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन ने मतगणना की तारीख को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर मु य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने तीन दिसंबर भोपाल गैस त्रासदी के दिन गैस हादसों में मारे गए और पीड़ित लोगों के साथ हमदर्दी रखते हुए चुनाव परिणाम की तारीख बदलने की मांग की है।

गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन की पदाधिकारी रचना ढींगरा ने कहा कि हमने चुनाव आयोग के अधिकारियों मध्य प्रदेश चुनाव के परिणाम की तारीख को एक दिन आगे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि मध्य प्रदेश की तारीख को आगे नहीं बढ़ा सकते तो भोपाल की मतगणना की तारीख को आगे बढ़ाएं। ढींगरा ने कहा कि चुनाव जीतन का त्रासदी के दिन जश्न मनाया जाएगा। हमारी मांग है कि विश्व की सबसे बड़ी औद्योगिक हादसे वाले दिन जब कार्बाइड की गैस ने भोपाल शहर में नरसंहार किया और लाखो लोगो को जिंदगी भर के लिए बीमार किया, उस दिन पीड़ितों के साथ हमदर्दी रखते हुए चुनाव के परिणामो की तारीख को बदली जाए।

# फिर बदलेंगे एमपी के मौसम के मिजाज, पश्चिमी विक्षोभ होगा सक्रिय, छाएंगे बादल

भोपाल। मध्य प्रदेश के मौसम में दिवाली बाद बदलाव देखने को मिलेगा। पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के असर से 11-12 नवंबर के बाद के तापमान में गिरावट आने की उ मीद है, जिससे ठंड का असर तेज होगा और कहीं कहीं कोहरा भी दिखाई देगा। वही दिवाली बाद नए सिस्टम के सक्रिय होने से प्रदेश के कई जिलों में बारिश भी हो सकती है।

**या कहता है मौसम विभाग का पूर्वानुमान**

वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास बना हुआ है, जबकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास बना हुआ है। दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश एवं उससे लगे छत्तीसगढ़ पर एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इसके असर



से हवाओं का रुख लगातार दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है जिससे मौसम में ज्यादा परिवर्तन नहीं आ रहा है। 15 नवंबर के बाद से अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम पारा में भी गिरावट आना शुरू हो जाएगी और ठंड का असर भी तेज होगा।प्रदेश में वर्तमान स्थिति में की हवाओं का रूप दक्षिण और दक्षिण पूर्व की ओर बना हुआ है, जिसके कारण अगले 1-2 दिन मौसम शुष्क रहेगा।

**दिवाली बाद इन जिलों में बारिश के आसार**

एमपी मौसम विभाग की माने तो दिवाली के बाद बंगाल की खाड़ी में एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है इसके प्रभाव से वातावरण में नमी आएगी और हल्की बारिश होने के आसार है। नए सिस्टम के बनने से सागर , टीकमगढ़ , पन्ना, छतरपुर, रायसेन ,विदिशा, बुंदेलखंड के हिस्सों में 15 से 22 नवंबर के बीच बौछारें पड़ सकती है। अगले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव के साथ दिन और रात के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकता है।

**पिछले 24 घंटे का मौसम क हाल**

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान सभी संभागों के जिलों में मौसम शुष्क बना रहा। भोपाल, उज्जैन, रीवा, शहडोल, सागर और ग्वालियर संभाग के जिलों में सामान्य से अधिक और बाकी बचे संभागों में पारा सामान्य रहा।

न्यूनतम तापमान लगभग सभी जिलों में सामान्य रहा है। दमोह जिले में दिन का तापमान प्रदेश में सर्वाधिक बना हुआ है।

प्रदेश में सर्वाधिक तापमान दमोह जिले में 35 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम पारा उमरिया में 13.8 डिग्री दर्ज किया गया।भोपाल में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड हुआ, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

पांच अन्य शहरों छिंदवाड़ा, मंडला, मलाजखंड, खंडवा एवं खरगोन में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा।हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# धनतेरस पर सबसे पहले हुई महाकाल की पूजा, 22 पुरोहितों के साथ कले टर ने किया रुद्राभिषेक



उज्जैन। महाकालेश्वर मंदिर में धनतेरस के अवसर पर भगवान महाकाल की महापूजा हुई. कले टर कुमार पुरुषोत्तम ने सहपत्नी भगवान महाकाल का अभिषेक पूजन किया. भगवान श्री महाकालेश्वर का पंचामृत अभिषेक-पूजन किया गया. इसके बाद नंदी हॉल में रुद्राभिषेक किया गया. पूजन के पश्चात मंदिर पुरोहित समिति की ओर से पंडितों ने अतिथियों को आशीर्वाद स्वरूप चांदी का सिक्का व प्रसाद भेंट किया.

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार सुबह 9ः00 बजे भगवान महाकाल का अभिषेक पूजन कले टर कुमार पुरुषोत्तम ने सहपत्नी पुरोहितों से करवाया. महापूजन में भगवान श्री महाकाल का विशेष अभिषेक किया गया. इसके बाद नंदी हॉल में रुद्राभिषेक किया. पूजन के पश्चात मंदिर पुरोहित समिति की ओर से अतिथियों को आशीर्वाद स्वरूप चांदी का सिक्का व प्रसाद भेंट किया. पूजन मंदिर के पुरोहितों द्वारा कराया गया. दीपावली के पहले धनतेरस के दिन महाकाल मंदिर में सबके कल्याण एवं सुख समृद्धि के लिए पुरोहित समिति द्वारा विधिवत पूजन कई वर्षों से किया जा रहा है. पूजन अर्चन के बाद कले टर ने सभी को दीपावली उत्सव की शुभकामना दी. इस अवसर पर महाकाल मंदिर समिति प्रशासक संदीप सोनी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे.

मंदिर के पुरोहितों ने कराया पूजन

धनतेरस के दिन महाकाल मंदिर में सबके कल्याण एवं सुख समृद्धि के लिए पुरोहित समिति के माध्यम से विधिवत पूजा विगत कई वर्षों से की जा रही है. पूजा-अर्चना के पश्चात कले टर आशीष सिंह ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर समिति के अधिकारी भी मौजूद थे. वहीं कले टर ने कहा कि हर वर्ष शासकीय पूजा की परंपरा महाकालेश्वर मंदिर में चली आ रही है. देश में सुख शांति बनी रहे, इसलिए बाबा महाकाल के दरबार में आज कुबेर जी महाराज, शिव परिवार का पूजन कर समस्त जनता की सुख समृद्धि के लिए कामना की गई

# सनातन विरोधी स्टालिन - हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद भी कायम हैं मंत्री उदयनिधि स्टालिन के तेवर

तमिलनाडु के मंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) नेता उदयनिधि स्टालिन ने सोमवार (6 नवंबर, 2023) को सनातन धर्म के खिलाफ अपने रवैये का बचाव करते हुए कहा कि वो सनातन का विरोध जारी रखेंगे, भले ही उन्हें इसके लिए कानूनी कार्रवाई का ही सामना यों न करना पड़ा। मद्रास हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ कार्रवाई न होने पर पुलिस को फटकारा था, जिसके बाद उनका ये बयान आया है।दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने डीएमके के मंत्री



उदयनिधि और पीके शेखर बाबू की सनातन धर्म को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कार्रवाई न करने पर पुलिस को आड़े हाथों लिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी भी श स को बँटवारे वाले विचारों को बढ़ावा देने या किसी विचारधारा को खत्म करने का अधिकार नहीं है।

गौरतलब है कि उदयनिधि स्टालिन पहले 'सनातन धर्म' की तुलना 'डेंगू' और 'मलेरिया' से कर चुके हैं। तमिलनाडु सरकार के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार (2 सितंबर, 2023) को कहा कि सनातन धर्म मलेरिया और डेंगू की तरह है और इसलिए इसे खत्म किया जाना चाहिए, न कि केवल इसका विरोध किया जाना चाहिए। वो सनातन धर्म को मिटाने के लिए आयोजित एक स मेलन में बोल रहे थे। अब वो अपने इस बयान के पक्ष में मजबूती से खड़े दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये कहकर उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा है और वो अपने इस बयान को लेकर कानूनी नतीजे भुगतने को तैयार हैं। मतलब साफ है कि उन्हें करोड़ों लोगों की भावनाओं की कोई परवाह नहीं और विरोध के बावजूद वो सनातन पर की गई अपनी बयानबाजी से बाज नहीं आने वाले हैं।

उदयनिधि स्टालिन ने कहा, ÷मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। मैंने जो कहा वह सही था और मैं इसका कानूनी तौर पर सामना करूँगा। मैं अपना बयान नहीं बदलूँगा। मैंने अपनी विचारधारा की बात कही है। मैंने अंबेडकर, पेरियार या थिरुमावलवन ने जो कहा था उससे ज्यादा कुछ नहीं कहा है। मैं एक विधायक, एक मंत्री या युवा विंग का सचिव हो सकता हूँ और कल शायद नहीं भी, लेकिन एक इंसान होना अधिक महत्वपूर्ण है।÷

डीएमके नेता ने आगे कहा, ÷हम कई सालों से सनातन के बारे में बोल रहे हैं जबकि हृश्वश्वञ्ज 6 साल पुराना मुद्दा है। यह (सनातन) कई सौ साल पुराना मुद्दा है, हम इसका हमेशा विरोध करेंगे।÷

# मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए मतदान करने की दिलाई जा रही शपथ



सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी वर्ग के मतदाताओं की मतदान में शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत विविध गतिविधियां का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जयपाल सिंह ठाकुर, चिकित्सक एवं स्टॉफ द्वारा चिकित्सालय परिसर में मतदाता जागरूकता श्लोगन का वाचन कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। विद्युत विभाग द्वारा भी परिसर में मतदाता सेल्फी पॉइंट लगाकर सेल्फी लेकर कार्यालय आने वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी तरह जिला प्रशासन के बूथ लेबल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य भी मतदाताओं के घर घर जाकर मतदान आमंत्रण पत्र भेंट कर आगामी मतदान दिवस 17 नव बर को मतदान करने हेतु आमंत्रित कर रहे हैं। इसी परिपेक्ष्य में श्रम विभाग द्वारा विभिन्न उद्योगों, सब्जीमंडी, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों एवं ह मालों के बीच पहुंचकर मतदान के महत्व की जानकारी दी जा रही है। इसी तरह आबकारी विभाग के अमले द्वारा एवं ग्रामों में पहुंचकर मतदाताओं से बिना प्रभोलन मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है।

# देश का स मान बढाने के लिये आवश्यक है भाजपा की सरकार - अनिल

## भाजपा समर्थित अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

सिवनी यशोः- - शनिवार 11 नवंबर को राशि लान सिवनी में अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उ.प्र. सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर मु य वक्ता के रुप में उपस्थित रहे । श्री राजभर ने अधिवक्ताओं से संवाद करते हुये कहा कि आज देश और प्रदेश की आवश्यकता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भाजपा की मूल विचारधारा और करोड़ो भारतीय की मंशा के अनुरूप विकास, जनसेवा, हमारी संस्कृति और संस्कारों के लिये जो ऐतिहासिक कार्य किये है उससे भारत की दुनिया में धमक बढ़ी है आज भारत का प्रधानमंत्री कुछ बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है भारत कुछ करता है दुनिया देखती है विश्व भारत के पीछे चलना चाहता है दुनिया को भारत से उ मीदे है इस स्तर तक भारत ने पूरी दुनिया में



अपनी पहचान स्थापित की है और स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का स मान बढाया है ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि उक्त कार्यक्रम में श्री राजभर ने कहा कि पार्टी के पितृपुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डां. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अन्य संस्थापको ने पार्टी की स्थापना जिस विचार के आधार पर की थी उसे साकार रूप दिया गया । भगवान श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हो गया जो हमारे लिये गौरव का विषय है कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया गया गुलामी के प्रतीको को समाप्त किया जा रहा है । भारत पुनरूद्धार किया जा रहा है । अंतिम छोर के व्यक्ति की चिंता हो रही है सरकार ने अनेक कल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से गरीब कल्याण के काम किये है ।

श्री राजभर ने कहा कि मध्यप्रदेश की प्रदेश सरकार ने जो विकास और जनसेवा के कार्य किये है वह भी प्रदेश की तस्वीर बदलने में मील का पत्थर साबित हुये है मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिये प्रदेश की सरकार ने ऐतिहासिक काम किये है ।

उक्त कार्यक्रम में अधिवक्ता मुकेश अवधिया, श्री सुरेंद्र शु ला, पंकज जैन, जयदीप सिंह बैस, युवराज राहंगडाले ने भी अपने विचार रखे तथा भाजपा की रीति नीति एवं विकास कार्यो से अवगत कराया उक्त कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कानून एवं विधि कार्य विभाग सिवनी एवं भाजपा विधि प्रकोष्ट द्वारा किया गया जिसमें भाजपा समर्थित अधिवक्ता विनोद सोनी,रुद्रदेव राहंगडाले, प्रदीप बैस, मनोज प्रजापति, नीरज तिवारी, वीरेंद्र सोनकेशरिया, अशोक कुशवाह, सतेंद्र ठाकुर बाबा अजय पाण्डे, अजय अवस्थी, संतोष सोनकेशरिया सचिन सोनी, मुकेश सोनी, विनोद राय, नेतराम चौरसिया रवि राय, अनिरुद्ध जायस्वाल,प्रभुदयाल सनोडिया कुसुम यादव, मंजू अग्रवाल, एवं अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर रजनीश सिंह ने किया चुनावी जनसंपर्क



छपारा यशोः- केवलारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 116 से इंडियन नेशनल कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी आदरणीय ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने आज दिनांक 11/11/ 2023 कान्हीवाडा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम भालीवाडा, खमारिया,कतरवाडा,सिंघोड़ी,मानेगांव,दिवारा टोला,जाम,ढेंका,पांजरा,छुंई,मोहगांव,मोरडोंगरी, डूंडा सिवनी,पलारी चौराहा, बरसला का जनसंपर्क दौरा किया। जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम के दौरान बड़ी सं या में ग्रामीण जनों ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में कांग्रेस की रीती निति एवं विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया।दौरा कार्यक्रम में ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने प्रत्येक ग्रामों का भ्रमण कर माताओं बहनों भाइयों एवं बुजुर्ग जनों से मुलाकात कर आर्शीवाद प्राप्त किया

इस अवसर पर साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंडलम से टर बूथ कांग्रेस कमेटी बी. एल. ए. युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस हस्ढ्ढ सेवादल तथा सभी प्रकोष्ठे के पदाधिकारी कार्यकर्ता वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं समस्त कांग्रेसजनों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

# कांग्रेस सत्ता पाते ही जनकल्याण भूल जाती है,केवल नेता भरते है अपनी तिजोरियाँ - टांक

सिवनी यशोः- कांग्रेस पार्टी कहती है कि वह मुहब्बत की दुकान चलाती है परंतु वास्तविकता यह है कि कांग्रेस नफरत, छल, प्रपंच झूठ फरेब, भ्रष्टाचार, दलाली, घोटालों की दुकान चलानी वाली पार्टी है । कांग्रेस पार्टी को सनातन धर्म से नफरत है विकास के काम उसे रास नहीं आते आम जनता को खुशहाल बनाने वाली जनकल्याण की योजनाएँ उसे पसंद नही आती सत्ता में आते ही उन्हें बंद कर देती है । किसानों को कर्जमाफी का बेरोजगारों भत्ता देने का प्रलोभन देकर वोट लेती है और सरकार बनते ही कर्जमाफी भत्ता देना तो दूर गरीब कल्याण की योजनओं को बंद कर देती है । कन्यादान विवाह योजना के तहत कन्याओं की राशि डकार जाती है । कांग्रेस ने झूठ और लालच के बल पर 2018 में सरकार तो बना ली पर गलत नीतियों और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को देखते हुये कांग्रेस के ही विधायक सरकार गिराकर भाजपा के साथ शामिल हो गये और मुहब्बत की दुकान चलाने वाली भ्रष्ट कांग्रेस



को करारा जबाव दिया उक्ताशय की बात भाजपा किसान मोर्चे के नेता तरूण मुनिया टांक ने प्रेस जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही ।

श्री टांक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ और नफरत का सहारा लेकर सत्ता हासिल करना चाहती है कांग्रेस की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है । सत्ता पाने के लिये कांग्रेसी बड़ी बड़ी बाते करते है और सत्ता प्राप्त होते ही दलाली भ्रष्टाचार के दलदल में डुबकियाँ लगाने लगते है । आम आदमी सुविधाओं के लिये इनके पास गिड्गिडाते रहती है परंतु यह ध्यान नहीं देते । श्री टांक ने कहा कि सिवनी नगर पालिका चुनाव के समय कांग्रेस ने सिवनी को इतनी सुविधाएँ देने की बात कही थी कि उनकी सत्ता आते ही सिवनी नगर स्वर्ग बन जायेगा परंतु सत्ता में आते ही कांगेस ने नगर पालिका परिषद को दलाली और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया । श्री टांक ने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ छलावा ही करती है पिछली बार कांग्रेस ने प्रदेश में किसानों और आम जनता से जो वायदे किये थे कांग्रेस उन वायदों पर खरी नहीं उतरी और 15 माह की सरकार में एक भी किसान का कर्ज माफ नहीं किया । कांग्रेस ने अपनी 15 माह की सरकार में बल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलाली का अड्डा बना दिया यह आरोप आम जनता ने नहीं अनेक कांग्रेस के नेताओं द्वारा ही लगाये गये थे । श्री टांक ने कहा कि कांग्रेस ने सिवनी जिले में ही भ्रष्टाचार का ऐसा नंगा नाच किया था कि जिले में पदस्थ सरकारी महकमा कांप गया था और उन्हें तबादले की धमकी देकर सताया जाता रहा उनका आर्थिक शोषण किया गया । व्यापारियों को सामग्री की शुद्धता के जाँच के नाम पर ठगा जाते रहा । कांग्रेस सत्ता में आकर सताने का काम करती है । श्री टांक ने कहा कि इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी सेवा सुशसान के माध्यम से जनकल्याण के काम करती है गरीब कल्याण और विकास के साथ देश और प्रदेश को गौरव दिलाने के ऐतिहासिक काम भाजपा की सरकार ने किये है । श्री टांक ने कहा कि भाजपा ने जनकल्याण, विकास और सुशासन की दिशा में काम तो किये ही है इसके साथ ही हमारी संस्कृति और स्वाभिमान के लिये ऐतिहासिक काम किये है और भाजपा पूरे प्रदेश में भारी बहुमत से सरकार बना रही है इसमें एक आहुति हमारी भी सुनिश्चित होना चाहिये ।

## 1406 मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए की गई 6188 कर्मियों की नियुक्ति, स्थापित किए गए 100 पिंक पोलिंग बूथ

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत आगामी 17 नव बर को जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1406 मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। जिसके लिए सभी जरूरी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में व्यवस्थित एवं सुविधाजनक रूप से मतदान कार्यवाही स पन्न कराने के लिए रिजर्व सहित 6188 कर्मियों की नियुक्ति मतदान दल के रूप में की गई है। जिले में कुल 100 पिंक पोलिंग बूथ भी बनाए गए हैं, जिनमें बरघाट विधानसभा क्षेत्र में 25, केवलारी एवं लखनादौन में 20-20 तथा सिवनी में 35 पिंक पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इसी तरह 495 केन्द्रों में कम से कम दो महिला मतदान कर्मी की नियुक्ति की गई है।

उल्लेखनीय है कि मतदान दिवस में जिले में कुल 1074062 पात्र मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। जिसमें 541001 पुरूष मतदाता, 533043 महिला मतदाता एवं 18 अन्य मतदाता शामिल हैं। इन मतदाताओं में 49012 नव मतदाता भी पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

## ग्रामीणों का छ माह का नहीं मिला राशन

सिवनी यशोः- घंसौर विकास खंड के खाले घाट की ग्राम पंचायत बुधेरा का है जहा आदिवासियों को 6 माह से राशन नही मिला ग्रामीणों का आरोप है कि सेल्समेनं राजेश पटेल उनके हिस्से का राशन बेच दिया जिससे आदिवासी त्योहार में परेशान है । इस विषय को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर आंदोलन किया और जिला कले टर तक अपनी बात पहुंचाने प्रयास किये । ग्रामीणो ने सेल्स मेन की जाँच कराने की मांग की है ।

# प्रदेश में 48 हजार 894 वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से घर से किया मतदान

भोपाल । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में 9 नवंबर तक 48 हजार 894 वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान की सुविधा का लाभ लिया है। इसी तरह से निर्वाचन ड्यूटी में लगे 1 लाख 66 हजार 496 अधिकारियों-कर्मचारियों ने फैसिलिटेशन सेंटर, अत्यावश्यक ड्यूटी में शामिल 532 अधिकारियों-कर्मचारियों और 10 सेवा निर्वाचक मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है।

## मोहन सिंह चंदेल बालाघाट विधानसभा में सभा को संबोधित करेंगे

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी शिवानी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल दिनांक 12 नवंबर को बालाघाट विधानसभा के अंतर्गत लालबर्रा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुभा मुनजारे के समर्थन में तीन स्थानों पर सभाओं को संबोधित करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के महासचिव श्री मन्नू अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कनकी बरसोला एवं घोटी में आयोजित सभाओं को श्री चंदेल संबोधित करेंगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी ने गांव-गांव पहुंच मतदाताओ से लिया आर्शीवाद

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सिवनी विधानसभा कांग्रेस के युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी जनस पर्क के लिए बंडोल ब्लाक के कलार बांकी मंडलम पंहुचे बंडोल से जनसंपर्क प्रारंभ किया बंडोल ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष हरि जयसवाल,रामनाथ राय मंडलम अध्यक्ष संतोष ठाकुर, विनोद पुरोहित से टर अध्यक्ष बलराम यादव, राजेश साहू कांग्रेस पदधिकारीयो ने आनंद पंजवानी का स्वागत कर उन्हें बंडोल में लोगो से जनसंपर्क कराया बंडोल के ग्राम वासियो में आनंद पंजवानी के आगमन को लेकर भारी उत्साह था। लोगो ने आनंद पंजवानी के पूर्ण सहियोग का वादा किया



तिवारी ने बताया की ग्रामीण जन का कहना था कि परिवर्तन बहुत ही आवश्यक है। इसी तरह आनंद पंजवानी बांकी-मंडलम के ग्राम गंगेरूआ, ढ़ाना, बंकी, जुरतरा, मोठार, जुझारपुर, दुकली, नांदनी, बिहिरिया, बंधा, कोठिया, दिघौरी, गंगई, गरठिया ग्रामो का जनसंपर्क कर उपस्थित ग्रामीण जनो से आर्शीवाद ले कर सर्मथन मांगा।

कांग्रेस प्रवक्ता तिवारी ने बताया की आनंद पंजवानी के साथ विवेक राय, अनुज से सेना, से टर अध्यक्ष लोकेश ठाकुर,श्याम जंघेला, रविन्द्र काकोडिया, झनकलाल धुर्वे, महेश प्रजापति, विजय उइके, परमानंद जंघेला, हरिओम जंघेला, शंकर जंघेला, महानंद परते, नरेन्द्र बंजारा, अभिलेश जंघेल, शक्तिराज जंघेला, रामकिशोर यादव, धर्मेन्द्रकुमार जंघेला, हरवंश जंघेला, दुलीराम उइके, विक्रमादित्य बघेल, लकी जंघेला, आदित्य वर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, अंकित साहू, राजेश साहू, विनोद बरकड़े, होरी लाल, कृष्णकुमार यादव, अब्दुल रब, अभिमन्यु विश्वकर्मा, कृष्ण धुर्वे, ज्वाला प्रसाद काकोडिया, ज्ञानसिंह कुमरे, जिलेसिंह गजभिये, सुरेश पटेल, फिरोज खान, गोधनसिंह उइके, छोटू साहू, राजकुमार टेकाम, कैलाश डेहरिया, रजनीश जंघेला, रामलाल काकोडिया, संजू धुर्वे, राजेन्द्र कंगाली.आदि शामिल थे

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी रंजीत वासनिक ने किया विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क

सिवनी यशोः- 10 नवंबर को सिवनी विधानसभा के छपारा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी पहाड़ी दरबई करेली धूनीटोला केकड़ा गुंडरई डंगावानी नांदिया झिरी चमारी भर्गा दौड़ा सर्रा आदि विभिन्न ग्रामों में घर घर जाकर अपने विधानसभा के परिवार जनों से मिलकर लिया आशीर्वाद और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी का सहयोग करे आगे उन्होंने कहा की आने वाली 17 तारीख को अपने विधानसभा के युगांतरकारी परिवर्तन एवं चहुंमुखी विकास के संकल्प के साथ चुनाव चिन्ह *आरी* की बटन दबाकर सिवनी को विकास पथ में अग्रसर करने हेतु निष्पक्ष ईमानदार जवाबदेह एवं संवेदन शील प्रशासन देने का मार्ग प्रशस्त करे। हमारा देश हमारा जिला हमारी विधानसभा कारपोरेट और संपन्न वर्ग का नही है बल्कि गरीब मजदूर किसान व्यापारी और



बच्चों का भी है लेकिन आज तक जो राजनीतिक पार्टियां शासन करती आई है वे सामंतवादी विचारधारा के लोग है ये लोग देश को अपने जिले को अपनी जागीर समझते है।उन्होंने कभी नही चाहा आपका और हमारा विकास हो इसलिए इस बार आप गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के समर्पित आरी निशान को वोट करे हमारी पार्टी संकल्पित है हमारा 43 सूत्रीय संकल्प पत्र है इसे पढ़े और समझे आप हमे एक अवसर दे ये संकल्प पत्र निश्चित ही आपकी दशा और दिशा बदल देगा।

इस आशय की बात सिवनी विधानसभा से गोंगपा के प्रत्याशी *रंजीत वासनिक जी* ने अपने विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान कही। आगे उन्होंने कहा कि सिवनी विधानसभा के युवतियों गृहणियों को कंप्यूटर सिलाई बुनाई मेंहदी प्रशिक्षण आचार मुरब्बा पापड़ अगरबत्ती निर्माण आदि कुटीर उद्योग एवं लघु उद्योगों के लिए प्रशिक्षण सुनिश्चित करवाई जाएगी सिवनी विधानसभा क्षेत्र के किसानों को नकली खाद बीज नकली कीटनाशकों से एक अभियान चलाकर मुक्ति दिलाई जाएगी बस इस बार आप गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को एक अवसर दे और आप अपने गांव में अपने पड़ोस में अपने नाते रिश्तेदारो को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के चुनाव चिन्ह आरी पर वोट देने के लिए प्रेरित करे।

इस दौरान गोंगपा को सिवनी विधानसभा के चारों ओर से सभी वर्गो के लोगों का अपार जनसहयोग समर्थन मिल रहा है *इस अवसर पर गोंगपा एवं बीएसपी के पदाधिकारियों में मु यरूप से* ईश्वर दयाल वरकड़े जिला सलाहकार महेश बट्टी प्रदेश प्रचारमंत्री सदम सिंह वरकड़े जनपद पंचायत अध्यक्ष छपारा संतोष मसराम कार्यवाहक अध्यक्ष लालचंद धुर्वे रावेन शाह उईके जिला प्रवक्ता जिला उपाधक्षय महेश मर्सकोले विधानसभा प्रभारी सिवनी पवन धुर्वे जिला उपाधक्षय रवि मेश्राम विधानसभा प्रभारी बहुजन समाज पार्टी सिवनी आनंद जांघेला विधानसभा सचिव बीएसपी सकत धुर्वे ब्लाक अध्यक्ष छपारा संतराम भलावी जनपद सदस्य छपारा अरविंद भलावी गोलाराम भलावी जोगीवाड़ा उमाशंकर मर्सकोले तामसिंग उईके रेशमी वरकड़े बाबर भाई किशोरी यादव संतोष डहेरिया पंजुदास चौधरी हियाराम उईके बलवंत जांघेला रामभवन डहेरिया शंकर विश्वकर्मा देवी सिंह अरेवा रतन वरकड़े अर्जुन परते रामप्रसाद भलावी ओमनारायण वरकड़े सतेंद्र भलावी एवं समस्त जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं बड़ी सं या में मतदाता बंधुओं की उपस्थित रही।

## महिला पुलिस अधिकारी के बेटे ने घर में आग लगाई और फांसी पर झूल गया

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 28 वर्षीय युवक शुभम वर्मा ने अपने घर में आग लगे और फिर खुद फांसी के फंदे पर झूल गया। शुभम के माता-पिता दोनों पुलिस अधिकारी थे। पिता का निधन हो चुका है और दिव्यांग मां रिटायर हो गई है। घटना के समय शुभम घर में अकेला था।

कोलार थाने के प्रभारी इंस्पे टर आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि दानिश कुंज में श्रीमती रेणुका पांडे रहती हैं। वह मध्य प्रदेश पुलिस में सूबेदार के पद से रिटायर हुई है। उनके पति श्री बीके पांडे का निधन हो चुका है। उनके साथ उनका इकलौता बेटा शुभम पांडे रहता था। श्रीमती रेणुका पांडे दिव्यांग थी। उन्होंने अपने बेटे के पालन पोषण के लिए हर संभव प्रयास किया परंतु शुभम बिगड़ गया और उसे नशे की लत पड़ गई। इस बात को लेकर अ सर दोनों में लड़ाई होती रहती थी।

घटना दिनांक 9 नवंबर गुरुवार को भी दोनों के बीच लड़ाई हुई। शुभम नशे के लिए अपनी मां से पैसे मांग रहा था और श्रीमती रेणुका ने पैसे देने से इनकार कर दिया था। इस बात को लेकर काफी तनाव की स्थिति बन गई थी। जब दोपहर तक शुभम शांत नहीं हुआ तो श्रीमती रेणुका, उसे घर में अकेला छोड़कर पड़ोस में रहने वाले एक रिश्तेदार के यहां चली गई। उन्हें उ मीद थी कि थोड़ी देर में शुभम अपने आप शांत हो जाएगा। शायद उन्हें सामने देखकर उसका गुस्सा बढ़ रहा है परंतु इस बार उल्टा हुआ।

शुभम ने अपने पूरे घर में आग लगा दी और खुद फांसी के फंदे पर झूल गया। दुआ निकालने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर आग पर काबू पाया। शुभम की मृत्यु हो गई थी।

# कम मतदान वाले बूथों में निकाली गई वाहन रैली



मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंडला जनपद पंचायत के अंतर्गत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगरपालिका सीमा से लगे ग्राम पंचायतों बिंझिया तथा देवदरा के बूथों में कम मतदान को लेकर लगातार घर-घर जाकर लोगों से मतदान करने की अपील की जा रही है। विगत दिवस बिंझिया तिराहा से एक वाहन रैली का भी आयोजन किया गया। दोपहिया तथा ऑटोरि शा में जागरूकता पोस्टर, स्टीकर लगाकर नारे लगाते हुए जनपद पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी तथा संबंधित ग्रामों के जागरूक मतदातागणों द्वारा तीनों ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया गया। बिंझिया से प्रारंभ हुई वाहन रैली का समापन ग्राम पंचायत देवदरा में किया गया। इस अवसर पर मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंडला रमेश मंडावी, पंचायत इंस्पे टर राजाराम मरावी, संबंधित पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा की सरकार व्यापक जनकल्याण के लिये संकल्पित- संतोष

**किसानों को समृद्धि लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास का संकल्प वाला है भाजपा का घोषणा पत्र**



सिवनी यशोः- भाजपा का संकल्प पत्र मानवीय संवेदनाओं और जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। इसमें विकास को और अधिक गति देने, लोक कल्याण के मार्ग को और अधिक सुधार करने का लक्ष्य समाहित है। कांग्रेस के समय के बीमारू राज्य को विकासशील राज्य की श्रेणी में लाने के बाद अब इसे विकसित प्रदेश के प्रतिमान के अनुरूप ढालने की योजना है। इस संकल्प पत्र में कृषि क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र, के साथ ही समाज के हर वर्ग युवाओं, महिलाओं, वृद्धजनों तथा पिछडों, गरीबों, वंचितों के सपनों को पूरा करने का निश्चय है। आदिवासी भाइयों और किसानों के कल्याण के लिए उठाए जाने वाले कदमों तथा नीतियों का समावेश है। इस आशय की बात भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी द्वारा मध्य प्रदेश के आगामी पांच वर्षों के लिए जारी भाजपा के संकल्प पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही।

श्री अग्रवाल ने कहा कि,वचन पत्र में मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित है। मध्य प्रदेश की मजबूत आधारभूत संरचना के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार। अटल गृह ज्योति योजना के तहत100 रूपये में 100 यूनिट बिजली देगें। 6 नए ऐ सप्रेस वे के साथ 80 रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि, वचन पत्र में जनजातीय भाई , बहनों के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित भाजपा सरकार। तेंदूपत्ता खरीदी करेंगे 4000 रूपये प्रति बोरा।

श्री अग्रवाल ने कहा कि, समृद्ध किसान भाजपा की पहचान है। किसानों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है भाजपा सरकार । गेहूं और धान पर बोनस की व्यवस्था होगी। 2,700 रूपये प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीदा जाएगा। 3,100 रूपये प्रति क्विंटल पर धान की खरीद होगी। किसान स मान निधि और किसान कल्याण योजना के तहत मिलेंगे 12,000 रूपये ।

श्री अग्रवाल ने कहा कि, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है भाजपा सरकार। लाड़ली बहनों को आर्थिक मदद के साथ देंगे पक्का मकान । उज्जवला और लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी बहनों को 450 रूपये में मिलेगा रसोई गैस सिलेंडर।

श्री अग्रवाल ने कहा कि,भाजपा उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा अभियान पर जोर देंगी ।युवाओं के सुरक्षित और उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं भाजपा सरकार। हर संभाग में आई आई टी की तर्ज पर बनेगा मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ टे नोलॉजी। हर परिवार में कम से कम एक सदस्य को मिलेगा रोजगार और स्वरोजगार का अवसर ।

जन-जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार। हर लोकसभा में मेडिकल कॉलेज स्थापित करके 5 वर्षों में और 2000 सीटें जोड़ेंगे।प्रत्येक जिले में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करेंगे।

श्री अग्रवाल ने कहा कि,प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अगले 7 वर्ष में 45 लाख करोड़ की बनाएंगे। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के साथ ही 20 लाख करोड़ के निवेश लाने का लक्ष्य रखा गया है।

# अब तक 2994 निर्वाचन कार्यों में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों ने किया मतदान

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन कार्यों में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों ने डाकपत्र के माध्यम से अपने मतदान कर रहे हैं। निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 2 में मतदान केन्द्र बनाया गया है। अब तक निर्वाचन में संलग्न कुल 2994 अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने केंद्र पहुँचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। मतदान में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया 11, 13, 14 एवं 15 नवंबर को भी जारी रहेगी।

# भोमा के पास सड़क हादसा,अनियंत्रित होकर बाइक ट्रै टर से टकराई,2 गंभीर घायल

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के सिवनी से मंडला रोड में भोमा के समीप एक सड़क हादसा हो गया। जहां अनियंत्रित होकर बाइक ट्रै टर से टकरा गई। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि के समय एक बाइक और ट्रै टर में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस एवं 108 वाहन में दी। गया घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जहां ग भीर रूप से घायल रोहित पिता रामेश्वर उइके निवासी चुरना टोला तथा गुरुवेंद्र पिता कलकू निवासी इंदावाड़ी 100 डायल में उपस्थित दीनदयाल पाल और सतीश उइके द्वारा स्थानीय लोगो की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं पुलिस द्वारा पूरी घटनाक्रम की जांच की जा रही है। और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है कि आखिर हादसा कैसे हुआ। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कले टर ने लिया ईव्हीएम कमिशनिंग का जायजा

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के बिछिया, निवास एवं मंडला विधानसभा क्षेत्रों में मतदान में इस्तेमाल की जाने वाली इले ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग का कार्य शासकीय पॉलीटें नक कॉलेज मण्डला में संपन्न हुआ। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने पॉलीटें नक कॉलेज पहुंचकर ईव्हीएम की कमिशनिंग व सीलिंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर, चुनाव लड़ने वाले अ यर्थी अथवा उनके प्रतिनिधि सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पैदल चलकर मतदाताओं को शपथ दिलाकर संदेश देने वाली जागरूकता यात्रा का समापन



बालाघाट। मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने के लिये तरह तरह की गतिविधियॉ आयोजित की जा रही है। परसवाड़ा विधानसभा में भी एक ऐसे ही प्रयासों से पैदल जागरूकता यात्रा 27 अ टूबर को प्रारंभ हुई थी अब यह जागरूकता पैदल यात्रा अपने निर्धारित मुकाम तक पहुंच चुकी है। 13 दिनों के अपने इस सफर में पैदल यात्रा ने 57 गांव के करीब 10 हजार मतदाताओं तक शपथ दिलाकर मतदान करने का संदेश पहुंचाया है। शुक्रवार को यह यात्रा जनपद पंचायत परसवाड़ा में समापन हुआ। यात्रा के दौरान गांव में मतदाताओं को बिना लोभ लालच के हर निर्वाचन में मतदान करने की शपथ दिलाने के अलावा यात्रा में शामिल अमले ने ऐसे मतदाता जो स्वयं चलकर मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते उनसे भी भेंट की। इस दौरान उन्हे मतदान करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही वो मतदाता जो गंभीर बिमारीयों से ग्रसित है उनसे भी व्यक्तिगत रूप से भेंट कर मतदान के लिये समय और तारीख बताई गई। वहीं गांव में न मिलने वाले मतदाता जो अपने खेतों या मजदूरी पर होने के कारण गांव में नही मिल पाये उन्?हे खेतों मे जाकर भी मतदान का संदेश दिया गया। यह यात्रा जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा के निर्देशन में परसवाड़ा जनपद सीईओ श्री रितेश चौहान के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई। यात्रा में जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, सचिव रोजगार सहायक, जन सेवा मित्र, पेसा मोबिलाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा एएनएम और आम नागरिक शामिल हुए।

# मात्र एक उम्रदराज मतदाता के लिये पहुंचा था दलअब 84 नये मतदान केंद्र पर अपने हक का मत डालेंगे



बालाघाट । आयोग द्वारा दी गई नई सहुलियत का 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता जो अपने घर तक ही सीमित थे उन तक पहुंचने का एक कारगर नवाचार जिले में सफल रहा है। बैहर विधानसभा के सुमेरीखेड़ा में मात्र एक मतदाता के लिये चलित मतदान केंद्र बनाया गया था। यहां 82 वर्षीय फगनीबाई उइके ने मतदान कर अपने अधिकार का उपयोग किया। आयोग की मंशा को फगनीबाई ने पुरा किया। आयोग के ध्?येय वो ?य कोई भी न छुटे मतदाता को पुरा किया। अब इसी मतदान केंद्र पर पहली बार गांव के 84 मतदाता अपने मतदान का उपयोग करेंगे। बैहर विधानसभा के सुमेरीखेड़ा मे पहली बार सिर्फ 84 मतदाताओं के लिये मतदान केंद्र बनाया गया है। यहां 43 पुरुष और 41 महिला मतदाता है। इससे पहले 8 किमी दूर पहाड़ी से होकर गोवारी गांव में जाकर मतदान करना पड़ता था। अब यहां के नये मतदाता महंत धुर्वे, अस्?मी करचो, संगीता टेकाम, संतलाल परते और मनोज अरमो जैसे कई मतदाता पहली बार अपने मतदान केंद्र में मतदान करेंगे।

# मतदान दलों के लिए बेहतर व्यवस्था बनाएं . डॉ. सिडाना

**समीक्षा बैठक में कले टर के निर्देश**



मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत वेलफेयर मैनेजमेंट की समीक्षा के दौरान कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉण् सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं बनाएं। मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में बिजलीए फर्नीचरए नहाने एवं पीने का पानी आदि की समुचित व्यवस्था रखें। प्रत्येक मतदान केन्द्र में टॉर्चए बाल्टीए मगए साबुनए तेलए कंघीए हेंडवॉसए टूथपेस्ट सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। मतदान दलों के लिए बिस्तर की व्यवस्था करें। साथ ही मच्छरों से बचने के इंतजाम रखें। शौचालय स्वच्छ एवं क्रियाशील रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों की भोजन व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमटए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंहए संयुक्त कले टर अरविंद सिंह एवं सीएल वर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# विस्फोटकों की जांच सड़क किनारे, पुल-पुलियॉ और झाड़ियों तक पहुंचे जवान

**ने सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस अमले की गहन तलाश जारीस्नाईपर डॉग और ऐ से लूसिव डिटे टर के साथ आधुनिक उपकरणों का उपयोग**



बालाघाट । विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत पुलिस विभाग के अमले ने ने सल प्रभावित क्षेत्र में ने सल हॉक फोर्स पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गहन जांच शुरू कर दी है। गुरुवार से प्रारंभ हुई इस जांच में पुलिस जवानों द्वारा इन क्षेत्रों की सड़कों के चप्पे चप्पे पर निगरानी करते हुये आधुनिक उपकरणों की सहायता से जांच में जुटे हुये है। ने सल सेल प्रभारी उप निरीक्षक श्री राहुल सिंह राजपुत से प्राप्त जानकारी के अनुसार हॉक फोर्स के अमले द्वारा ने सल प्रभावित क्षेत्र की पहाड़ियों की ढलान गुजरने वाले पुल-पुलिया, सड़क किनारे एकत्रित गिट्टी, झाड़ियों और पुल-पुलियाओं के उपर नीचे सभी दूर यह जांच जारी है। अमले द्वारा खासतौर पर नजर पड़ने वाली झाड़ियों के अलावा छोटे-छोटे पुलो की किनोर और ऐसी सामग्री जो सड़क या गांव के आस-पास संदेह स्थिति में रखी पड़ी हो। वनीय पहाड़ी नदी नालों या संदिग्ध पड़ी किसी भी वस्तु या गिट्टी का ढ़ेर आदि को बड़ी तल्लीनता के साथ पुलिस जवानों द्वारा जांच परख कर त तश की जा रही है।विशेष दस्ता भी इस कार्य को बड़ी मुस्तैदी के साथ करने में जुटामतदान केंद्रो तक पहुंचने वाले मतदान कर्मियों और सुरक्षा जवानों को सुरक्षित मतदान केंद्रो तक पहुंचाने की दृष्टि से पुलिस के अलावा इस कार्य में विशेष दस्ते द्वारा यह कार्य मुस्तैदी के साथ पिछले दो दिनों से चल रहा है। बीडीडीएस व हॉक फोर्स द्वारा इन पुरे क्षेत्रों में जांच करते हुये एक विशेष प्रारूप में इसकी जानकारी भरी जा रही है। जिसकी रिपोर्ट ऊपर तक प्रेषित होगी। इस जांच में बाहर से आयी क पनियों के दस्ते लगे है। जिसमें दो अलग अलग दल अलग अलग क्षेत्रों मे अपने कार्य में जुटे है।इन क्षेत्रों में गहन सर्चिंग जारीहॉक फोर्स के राहुल मीणा ने बताया कि बैहर क्षेत्र के कई हिस्सों में यह छानबीन जारी है। जैसे- देवरबेली, सीतापाला, बैहर, बालाघाट, टेमनी, गोदरी और गढ़ी के अलावा भी अतिदूर्गम सुदुर ने सल प्रभावित क्षेत्रों में स्नाईपर डॉग के अलावा ऐ से लूसिव डिटे टर तथा अन्य आधुनिक उपकरणों की सहायता से एंटीसेबोटाज चेकिंग जारी है।

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। वोट करो वोट करो वोट करो, देश के भविष्य के लिये सपोर्ट करो। नारों से गुंजा बालाघाट




बालाघाट। नगर, 500 से अधिक विद्यार्थियों सहित विभिन्न विभागों का अमला जागरूकता के निकला रैली में विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत गुरुवार को नगर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में 500 से अधिक विद्यार्थियों के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिला स्वसहायता समूह और विभिन्न विभागों का अमला शामिल हुआ। रैली की भव्यता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि जब रैली का प्रथत छोर काली पुतली चौक पर था। तब उसका अंतिम छोर अ बेडकर चौक पर व उससे भी पहले रहा। इसके बाद रैली नगर के मु य बाजार होकर सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। व वोट करो वोट करो वोट करो, देश के भविष्य को सपोर्ट करो आदि नारे लगाते हुये रैली गुजरी तो हर एक की निगाह और कानों पर 17 नव बर का संदेश पहुंचा। रैली के आगे आगे साउंड और स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा स्वयं पुरी रैली में मौजूद रहे। इसके बाद रैली हनुमान चौक होकर पुनः मुलना स्टेडियम पहुंची। यहां रैली में शामिल तथा स्टेडियम में मौजूद सभी खेल प्रेमियों ने मानव श्रृंखला बनाई।सामाजिक संस्थाओं ने मतदाता जागरूकता में निभाई भूमिकामतदाता जागरूकता के लिये जिला प्रशासन द्वारा सतत अनेकों गतिविधियॉ आयोजित की गई। इन गतिविधियों में शहर की कई सामाजिक संस्थाओं ने अपनी ओर से यथा संभव सहयोग किया। इस सहयोग के लिए जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को मुलना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स मान पत्र प्रदान किये गए। गत दिनों जय स्त भ से अ बेडकर चौक तक स्थापित की गई वॉल ऑफ डेमोक्रेसी के लिये रोटरी लब ऑफ वैनगंगा, रोटरी लब ऑफ टाइगर्स और मेडिकल एसोसिएशन द्वारा प्रतियोगिता के लिये वॉल की पुताई का कार्य कराया गया था। साथ ही एंटी करप्सन फाउंडेशन द्वारा स्कुलों को पेंटिंग के लिये 5000 ड्राईंग शीट तथा ऐश्वर्य कंप्यूटर एवं साई कंप्यूटर द्वारा रंगोली प्रतियोगिता मे के लिये प्राईज प्रदान किया गया।उज्जवल लोकतंत्र के लिये हाथों में मोमबत्तियॉ थाम ली मतदाता जागरूकता की शपथस्थानीय स्टेडियम पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कले टर से लेकर खेल प्रेमियों और विभिन्न विभागों के अमले के अलावा आम मतदाताओं ने श्रृंखलाबद्ध होकर हाथों में मोमबत्तीं लेकर मतदाता जागरूकता की शपथ ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शपथ दिलाने के साथ ही दो महत्वपूर्ण बातों का आव्हान भी किया। उन्होंने कहा कि जिले की 3 विधानसभाओं कटंगी, वारासिवनी और बालाघाट में 17 नव बर को सुब्ह 7 बजे से शाम 6 बजे तक तथा बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा में इसी दिन सुब्ह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। यह संदेश हमें हर मतदाता तक पहुंचाना है। इसके अलावा 17 नव बर को स्वयं तथा अपने आस-पास के सभी पड़ोसियों, रिस्तेदारों और करीबियों को मतदान के लिये प्रेरित करे।

# सॉप सीढ़ी के खेल के माध्यम से मतदान का संदेश



बालाघाट । विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा आगे आकर मतदान गतिविधि में शामिल हो रहे है। इनके द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। गत दिवस स्थानीय मुलना स्टेडियम में आयोजित हुये कार्यक्रम में सामाजिक संस्थान एडीआर के द्वारा सॉप सीढ़ी के खेल के माध्यम से अच्छे और बुरी पार्टी या उ मीदवार का चयन कर मतदान करने के संदेश के लिये ग्राउंड पर चार्ट रखा गया। यहां अनेकों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व महिला स्वसहायता समुह की बहनाओं ने सॉप सीढ़ी के खेल के माध्यम से मतदान करने के साथ ही सच्चे और अच्छे मन से मतदान करने का संदेश दिया।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297